# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
## मध्यावधि परीक्षा
## अभ्यास प्रश्न पत्र
## राजनीति विज्ञान (कोड-028)
## कक्षा – XI
## सत्र : 2026–27

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश:**
इन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए:

1. इस प्रश्न पत्र में 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न पत्र पाँच खंडों - A, B, C, D और E में विभाजित है।
3. खंड A (प्रश्न 1 से 12) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
4. खंड B (प्रश्न 13 से 18) लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। इनके उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखिए।
5. खंड C (प्रश्न 19 से 23) दीर्घ उत्तर प्रकार-I के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। उत्तर 100 से 120 शब्दों में लिखिए।
6. खंड D (प्रश्न 24 से 26) अनुच्छेद, चित्र/कार्टून और मानचित्र आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर तदनुसार लिखिए।
7. खंड E (प्रश्न 27 से 30) दीर्घ उत्तर प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। प्रत्येक का उत्तर 170 से 180 शब्दों में लिखिए।
8. प्रश्न पत्र में समग्र विकल्प नहीं है, लेकिन कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का उत्तर ही लिखिए।
9. दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए दृश्य आधारित प्रश्नों के स्थान पर वैकल्पिक प्रश्न दिए गए हैं। केवल वे ही इन्हें हल करें।

## खंड–A (12x1=12 अंक)

1. मौलिक अधिकारों से संबंधित निम्नलिखित घटनाओं को सही कालानुक्रमिक क्रम में लगाइए: 1
   a) नेहरू रिपोर्ट में मौलिक अधिकारों का उल्लेख
   b) मौलिक अधिकारों पर सलाहकार समिति की रिपोर्ट
   c) संविधान सभा का गठन
   d) भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों को शामिल किया गया

   विकल्प:
   (A) a, b, c, d
   (B) b, a, c, d
   (C) a, c, b, d
   (D) c, a, b, d

2. निम्नलिखित प्रश्न में कथन के बाद कारण दिया गया है। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए: 1
   कथन (A): भारत में राष्ट्रपति नाममात्र का कार्यपालिका प्रमुख होता है।
   कारण (R): वास्तविक कार्यपालिका की शक्तियों का प्रयोग प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद करते हैं।
   विकल्प:
   (A) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
   (B) A और R दोनों सत्य हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
   (C) A सत्य है, परंतु R असत्य है।
   (D) A असत्य है, परंतु R सत्य है।

3. कॉलम A में दिए गए शब्दों का कॉलम B में दिए गए अर्थों से मिलान कीजिए: 1

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| (1) प्रधानमंत्री | (i) राज्यसभा का सभापति |
| (2) उपराष्ट्रपति | (ii) संविधान का संरक्षक |
| (3) सर्वोच्च न्यायालय | (iii) जनता द्वारा प्रत्यक्ष निर्वाचित सदन |
| (4) लोकसभा | (iv) वास्तविक कार्यपालिका का प्रमुख |

   विकल्प:
   (A) I-(ii), II-(iv), III-(iii), IV-(i)
   (B) I-(ii), II-(i), III-(iii), IV-(iv)
   (C) I-(ii), II-(iii), III-(iv), IV-(i)
   (D) I-(iv), II-(i), III-(ii), IV-(iii)

4. लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव कौन करता है? 1

   (A) राष्ट्रपति
   (B) प्रधानमंत्री
   (C) लोकसभा के सदस्य
   (D) राज्यसभा के सदस्य

5. निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है? 1

कथन 1: संविधान सभा के सदस्यों का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से हुआ था।
कथन 2: संविधान सभा के सदस्य सीधे जनता द्वारा चुने गए थे।
(A) दोनों कथन सत्य हैं
(B) दोनों कथन असत्य हैं
(C) कथन 1 सत्य है, परन्तु कथन 2 असत्य है
(D) कथन 1 असत्य है, परन्तु कथन 2 सत्य है

6. भारत के राष्ट्रपति को पद की शपथ कौन दिलाता है? 1

(A) प्रधानमंत्री
(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(C) उपराष्ट्रपति
(D) लोकसभा अध्यक्ष

7. मतदाता सूची तैयार करने का प्रमुख उद्देश्य क्या है? 1

(A) योग्य मतदाताओं की पहचान करना
(B) उम्मीदवारों का चयन करना
(C) चुनाव परिणाम घोषित करना
(D) राजनीतिक दलों का पंजीकरण करना

8. भारत में चुनावों के संचालन से संबंधित अंतिम निर्णय लेने वाली संस्था कौन-सी है? 1

(A) संसद
(B) निर्वाचन आयोग
(C) प्रधानमंत्री कार्यालय
(D) सर्वोच्च न्यायालय

9. निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकार भारतीय संविधान के तहत अब मौलिक अधिकार नहीं है? 1

(A) समानता का अधिकार
(B) स्वतंत्रता का अधिकार
(C) संपत्ति का अधिकार
(D) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

10. अस्पृश्यता का उन्मूलन किस मौलिक अधिकार के अंतर्गत आता है? 1

(A) स्वतंत्रता का अधिकार
(B) समानता का अधिकार
(C) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
(D) सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकार

11. भारत में न्यायिक पुनरावलोकन का अधिकार किसे प्राप्त है? 1

(A) संसद
(B) न्यायपालिका
(C) निर्वाचन आयोग
(D) मंत्रिपरिषद

12. न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मुख्य उद्देश्य क्या है? 1

(A) निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करना
(B) कानून बनाना
(C) चुनाव कराना
(D) सरकार चलाना

## खंड–B (6×2 = 12 अंक)

13. संविधान सभा की कोई दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 2

14. स्वतंत्रता के अधिकार के कोई दो प्रावधान लिखिए। 2

15. भारत में चुनाव के लिए निर्वाचन क्षेत्र से क्या अभिप्राय है? 2

16. भारत के राष्ट्रपति का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से क्यों नहीं होता? 2

17. लोकसभा के अध्यक्ष के कोई दो कार्य लिखिए। 2

18. भारत में एकीकृत न्यायपालिका से क्या अभिप्राय है? 2

## खंड–C (5x4 = 20 अंक)

19. भारत में निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन क्यों किया जाता है? कोई चार बिंदु लिखिए। 4

20. भारत में संसदीय कार्यपालिका की कोई चार प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 4

21. (क) भारतीय संविधान में दिए गए किन्हीं चार मौलिक अधिकारों का वर्णन कीजिए। 4

**अथवा**

(ख) मौलिक अधिकार नागरिकों के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं? कोई चार कारण लिखिए। 4

22. (क) भारतीय संविधान की कोई चार प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 4

**अथवा**

(ख) संविधान की आवश्यकता क्यों होती है? कोई चार कारण लिखिए। 4

23. भारतीय न्यायपालिका की कोई चार विशेषताएँ लिखिए। 4

## खंड–D (3x4 = 12 अंक)

प्रश्न 24. नीचे दिए गए चित्र/कार्टून को ध्यान से देखिए और संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1+1+1+1=4



I. कार्टून में किस संस्था के हस्तक्षेप को दर्शाया गया है? 1

(A) संसद
(B) न्यायपालिका
(C) निर्वाचन आयोग
(D) कार्यपालिका

II. न्यायालय के हस्तक्षेप का मुख्य उद्देश्य क्या दर्शाया गया है? 1

(A) कानून बनाना
(B) प्रशासन चलाना
(C) समस्या के समाधान के लिए हस्तक्षेप करना
(D) चुनाव कराना

III. न्यायालय के हस्तक्षेप को किस व्यापक अवधारणा से जोड़ा जा सकता है? 1

(A) न्यायिक पुनरावलोकन
(B) न्यायिक सक्रियता
(C) संघवाद
(D) संसदीय सर्वोच्चता

IV. कार्टून से न्यायपालिका की किस विशेषता का संकेत मिलता है? 1


(A) न्यायपालिका की निष्क्रियता
(B) न्यायपालिका की स्वतंत्रता
(C) न्यायपालिका का राजनीतिकरण
(D) न्यायपालिका का विघटन

**दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न (प्रश्न 24 के स्थान पर):** 1+1+1+1=4

(1) भारत का सर्वोच्च न्यायालय कहाँ स्थित है?
(2) भारत में न्यायपालिका का सर्वोच्च स्तर कौन-सा है?
(3) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन करता है?
(4) न्यायिक पुनरावलोकन से क्या अभिप्राय है?

**प्रश्न 25:** भारत के दिए गए राजनीतिक मानचित्र में चार राज्यों को (A), (B), (C) और (D) के रूप में दर्शाया गया है। इन राज्यों की पहचान कीजिए और नीचे दिए गए प्रारूप में उनके नाम, संबंधित वर्णमाला और जानकारी का क्रमांक लिखिए: 1+1+1+1=4

| क्रमांक | संबंधित वर्णमाला | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| I | | |
| II | | |
| III | | |
| IV | | |




I. सबसे दक्षिणी द्विसदनीय राज्य 1

II. सर्वाधिक जनसंख्या वाला द्विसदनीय राज्य 1

III. पूर्व भारत का एकमात्र द्विसदनीय राज्य 1

IV. भारत का सबसे नया द्विसदनीय राज्य 1

**दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न (प्रश्न 25 के स्थान पर):** 1+1+1+1=4

1) भारत में संसद के कितने सदन हैं?
2) लोकसभा के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?
3) राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?
4) लोकसभा के सदस्यों का चुनाव किसके द्वारा किया जाता है?

प्रश्न 26.नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1+1+2=4

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हमारे नेताओं ने अधिकारों के महत्व को पहचाना और ब्रिटिश सरकार से इन अधिकारों को मान्यता देने की माँग की। 1928 में मोतीलाल नेहरू समिति ने अधिकारों की सूची की माँग की थी। अतः स्वतंत्रता के बाद जब संविधान का निर्माण हुआ, तो अधिकारों को शामिल करने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं थी। संविधान में कुछ विशेष अधिकारों को "मौलिक अधिकार" के रूप में चिन्हित किया गया, जिनकी रक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए। ये अधिकार इतने महत्वपूर्ण हैं कि संविधान स्वयं इनकी रक्षा सुनिश्चित करता है।

I. स्वतंत्रता के बाद संविधान में अधिकारों को शामिल करने पर कोई विवाद क्यों नहीं था? 1
(A) क्योंकि ब्रिटिश सरकार ने समर्थन किया
(B) क्योंकि यह संयुक्त राष्ट्र की माँग थी
(C) क्योंकि नेताओं ने पहले ही इनके महत्व को समझ लिया था
(D) क्योंकि इनकी आवश्यकता नहीं थी

II. संविधान निर्माण के समय भारतीय नेताओं का अधिकारों के प्रति कैसा रवैया था? 1

(A) उदासीन
(B) विभाजित
(C) एकमत
(D) विरोधी

III. मौलिक अधिकार सामान्य अधिकारों से किस प्रकार भिन्न हैं? 2

## खंड–E (4×6 = 24 अंक)

27. (A) भारत में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और कार्यकाल का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

(B) भारत में सर्वोच्च न्यायालय की प्रमुख शक्तियों एवं कार्यों का वर्णन कीजिए। 6

28. (A) मंत्रिपरिषद और मंत्रिमंडल में अंतर स्पष्ट कीजिए। मंत्रिमंडल की सामूहिक उत्तरदायित्व की अवधारणा भारतीय संसदीय लोकतंत्र के लिए क्यों महत्वपूर्ण है? 6

अथवा

(B) भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच संबंधों को स्पष्ट कीजिए । 6

29. (A) राज्यसभा की संरचना एवं प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

(B) संसद में विपक्ष की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। 6

30. (A) भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र की विशेषताओं को समझाइए। 6

अथवा

(B) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में दिए गए किन्हीं तीन मूल्यों का वर्णन कीजिए। 6